Nai Dunia (Indore), 08th May 2023, Nai Dunia City, Page – I

# इनोवेशन के दम पर 14 स्टार्टअप को आइआइटी से मिली फंडिंग

## आइआइटी का दृष्टि सीपीसी फाउंडेशन स्टार्टअप के उत्पादों को मार्केट में लाएगा, इंदौर-भोपाल के स्टार्टअप भी शामिल

गजेन्द्र विश्वकर्मा.

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर स्टार्टअप तैयार करने के साथ अब देशभर के ऐसे स्टार्टअप को भी आगे बढ़ाने का काम कर रहा है जो विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रहे हैं। संस्थान ने हेल्थ केयर, मैन्युफेक्चरिंग, स्मार्ट सिटी, एग्रीकल्चर, एडटेक और अन्य क्षेत्रों के ऐसे 14 स्टार्टअप को चुना है जो अपने क्षेत्र में बेहतर इनोवेशन कर रहे हैं। इनमें इंदौर और भोपाल के भी एक-एक स्टार्टअप शामिल हैं। इन्हें 10 लाख से 40 लाख रुपये तक की फंडिंग की गई है। अब इन स्टार्टअप को आइआइटी इंदौर अपनी आधुनिक लैब से जोड़ रही है। आइआइटी चुने गए स्टार्टअप की तब तक मदद करेगा जब तक इनके उत्पाद बाजार में उपलब्ध नहीं हो जाएंगे। यह कार्य दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन के तहत हो रहा है। फाउंडेशन के सीईओ आदित्य एसजी व्यास ने बताया जिन स्टार्टअप का चयन किया गया है उसमें से एक इंदौर और एक भोपाल का स्टार्टअप शामिल है। दृष्टि सीपीसी फाउंडेशन के तहत छह स्टार्टअप के उत्पादों को बाजार में ला चुके हैं।

### दो तरह से संस्थान दे रहा योगदान

आइआइटी इंदौर स्टार्टअप को गति देने के लिए कई तरह से कार्य कर रहा है। संस्थान के पास टेक्नोलाजी इनोवेशन हब के तहत दृष्टि सीपीसी फाउंडेशन है। इसके अलावा एडवांस सेंटर फार इनोवेशन एंड आंत्रप्रेन्योरशिप भी है जो स्टार्टअप को हर तरह की मदद कर रहा है। दृष्टि सीपीसी फाउंडेशन के तहत 8 और 9 मई को देशभर के 14 बेहतर स्टार्टअप को आमंत्रित किया गया है। इन्हें आइआइटी में उपलब्ध संसाधनों और प्रोफेसरों से रूबरू कराया जाएगा। दो दिन में शहर के हेल्थ सेक्टर में काम कर रहे विशेषज्ञ और इंदौर स्मार्ट सिटी के अधिकारी भी शामिल होंगे। आदित्य का कहना है हम सरकार की जिस योजना के साथ काम कर रहे हैं उसके तहत भारत सरकार ने 3600 करोड़ रुपये का फंड बनाकर रखा है। इसका लाभ देश के 25 टेक्नोलाजी इनोवेशन हब को मिल रहा है।

**10 लाख से** लेकर 40 लाख रुपये तक की फंडिंग भी की गई है

**3600 करोड़ रुपये** का फंड बनाकर रखा है भारत सरकार ने





स्टार्टअप संचालकों को आइआइटी परिसर में दी जा रही अत्याधुनिक सुविधाएं दिखाई जाएंगी।

### इन स्टार्टअप को मिली फंडिंग

एमसेंस एआइ (मैन्युफेक्चरिंग), एमएल वर्क एक्स (मैन्युफेक्चरिंग), प्रेसेज (मैन्युफेक्चरिंग), एक्सर्जी (मैन्युफेक्चरिंग), टेकवारियम (इंडस्ट्री), मेधिनी (हेल्थ केयर), एक्स क्लिक थ्रीडी (हेल्थ केयर), मोबीलैब (हेल्थ केयर), मल्हारी प्रोजेक्ट्स (स्मार्ट सिटी), पोडपिटारा (स्मार्ट सिटी), रोड एथेना (स्मार्ट सिटी), मोकल्ट 1.0 (एग्रीटेक), एट्रूपी (एग्रीटेक), एईएमई (एडटेक)। का फोटो आनलाइन है।